उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 64/2018/1211/छप्पन-2018-36/16
लखनऊ: दिनांक: 21 जून, 2018
कार्यालय-ज्ञाप

श्री रूपेश सक्सेना को नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य इकाई, उ0प्र0, लखनऊ में कार्यालय ज्ञाप संख्या- 66/2016/931/छप्पन -2016-19/2011 दिनांक 05 सितम्बर, 2016 द्वारा हेलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर संविदा सेवा के आधार पर नियत मासिक पारिश्रमिक रूपये 1.50 लाख से रूपये 2.50 लाख प्रतिमाह रेन्ज के पारिश्रमिक में 1.75 लाख प्रतिमाह नियत मासिक पारिश्रमिक पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष (दो वर्ष) की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्ति प्रदान की गई थी। श्री रूपेश सक्सेना द्वारा दिनांक 14 अक्टूबर, 2016 को कार्यभार ग्रहण किया गया था। इस प्रकार उनकी संविदा अवधि दिनांक 13 अक्टूबर, 2018 को समाप्त हो रही है। निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि श्री रूपेश सक्सेना नागरिक उड्डयन निदेशालय के लिए एक उपयोगी अभियन्ता हैं, अतः इनकी उपयोगिता तथा विभाग की विशिष्ट कार्य अपेक्षाओं को देखते हुए इनकी संविदा की अवधि वर्तमान पारिश्रमिक रुपए 1,83,750/- एवं शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2014-17/2014, दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार 05 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि के आधार पर पूर्व शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन बढ़ाए जाने हेतु यथोचित निर्णय लिया जाए।

2- अतः सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल हेलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर श्री रूपेश सक्सेना की संविदा अवधि वर्तमान पारिश्रमिक रुपए 1,83,750/- एवं शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2014-17/2014, दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार 05 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि के आधार पर पूर्व शर्तों एवं प्रतिबंधों के अधीन दिनांक 14 अक्टूबर, 2018 से अग्रेतर 01 वर्ष (अर्थात दिनांक 14 अक्टूबर, 2018 से 13 अक्टूबर, 2019 तक) के लिए बढ़ाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3. श्री रूपेश सक्सेना को उक्त संविदा अवधि में नियत मासिक पारिश्रमिक के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते देय नहीं होंगे। श्री रूपेश सक्सेना की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत् जारी रहेंगी।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- श्री रूपेश सक्सेना से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर उसे शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

श्री रूपेश सक्सेना (संविदा सेवा),
हेलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता,
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

संख्या: 64/2018/1211(1)/छप्पन-2018 तददिनांक।

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री रूपेश सक्सेना से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
डा0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।